संक्षिप्त

बजरी से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

निवाई(निसं)। पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम को लेकर बजरी से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि एसपी राजेशकुमार मीणा के निर्देशानुसार क्षेत्र में अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम को लेकर एडीशनल एसपी रतनलाल भार्गव व डीवाईएसपी रविप्रकाश शर्मा के सुपरविजन में पुलिस की अलग-अलग विशेष टीम का गठन किया। टीमों द्वारा गश्त के दौरान अलग-अलग स्थानों से अवैध बजरी से भरे हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त करके थाना परिसर में खड़ा करवा दिया है। पुलिस ने चालक व मालिक के विरूद्ध एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज किया है।

नवजात बच्ची को कोठारी नदी में फेंका

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के मांडल थाना क्षेत्र में एक मां ने अपनी नवजात बच्ची को कोठारी नदी में फेंक दिया। आरजिया गांव के ग्रामीणों ने जब मासूम के शव को देखा, तो हर कोई सन्न रह गया। सूचना मिलते ही मांडल पुलिस मौके पर पहुंची। के.सी. धाबाई ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि बच्ची को जन्म के बाद जिंदा हालत में नदी में फेंका गया था। चार दिन पहले ही भीलवाड़ा के पालना गृह में भी एक नवजात को छोड़ दिया गया था। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अस्पतालों और आशा सहयोगिनियों से रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं।

खोया पाया

मेरे प्लाट नम्बर 694, रामचन्द्र विहार, जेडिए स्कीम जयपुर का मूल आवंटन पत्र, कब्जा पत्र/ पजेशन लैटर कहीं खो गया है। मिलने पर सूचित करें रीनू लुल्ला– 8302555507

मेरे प्लाट नम्बर 885, आनन्द विहार, जेडिए स्कीम जयपुर का मूल आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञा पत्र कहीं खो गये है। मिलने पर सूचित करें हरित शुक्ला– 7339975758

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर की आवासीय योजना–विधाधर नगर, जयपुर के प्लॉट नम्बर 1/65 की मूल मुख्यारनामा आम (POWER OF ATTORNEY) कही गुम हो गई है। मिलने पर सूचित करें। –बाबूलाल शर्मा– मो.: 9950604244

मेरे भूखण्ड–A2/233 जे.डी.ए. की योजना– ट्रांसपोर्ट नगर सीकर रोड जयपुर का जे.डी.ए. से जारी मूल आवंटन–पत्र कही गुम हो गया है सूचित करे– गोर्धन सिंह मो. 9829665418

मेरे भूखण्ड सं–F/118 जे.डी.ए. की योजना कल्पना नगर आगरा रोड जयपुर का जे.डी.ए. से जारी मूल अल्लोत्मेंट लैटर व कब्जा पत्र कही गुम हो गया है मिलने पर सूचित करे बनवारी लाल चोहान –7976897331

प्लॉट नं. 124, योजना महल विस्तार, एफ–ब्लॉक, जयपुर का मूल विक्रय पत्र दिनांक 28.06.2017(हनुमान सहाय शर्मा बहक विष्णु कुमार गुप्ता) कही गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें। मो.: 9414544215 ज्याना देवी

मेरा 12th क्लास शारदा विध्या मंदिर, अम्बाबाड़ी जयपुर का ट्रान्सफर सर्टिफिकेट कही खो गया है मिलने पर सूचित करे– वरन्या पूनीया– 9461188551.

मेरे मकान संख्या 11/119, कावेरी पथ, मानसरोवर जयपुर का मूल ट्रांसफर लेटर (Transfer Letter), संख्या DHC-II/2599, जारी दिनांक 18/01/2023 जो हाउसिंग बोर्ड द्वारा नीरज भठेजा के पक्ष में जारी किया गया था, कहीं खो गया है मिलने पर सम्पर्क करें – नीरज भठेजा 9828019828

मेरी संपत्ति F–109 सिटी प्लाजा बनीपार्क जयपुर के चैन आफ डॉक्युमेंट की असल रजिस्ट्री नीलम पुरोहित पत्नी श्री N K पुरोहित के नाम की है दिनांक 21/01/2026 को विद्याधर नगर से बनीपार्क जाते समय गिर गए, मिले तो सूचित करें। नरेश कुमावत मो. 9928083125

मेरे प्लाट नम्बर 883, रामचन्द्र विहार, जेडिए स्कीम जयपुर का मूल आवंटन पत्र, कब्जा पत्र/ पजेशन लैटर कहीं खो गया है। मिलने पर सूचित करें रीनू लुल्ला– 8302555507

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

सामुदायिक भवन सामाजिक व सांस्कृतिक जीवन की धुरी : दिलीप इसरानी

- दो करोड़ रूपए की लागत के विकास कार्य जनता को समर्पित
- ढोल नगाड़े के साथ भव्य जुलूस निकालते हुए डीजे प नाचते गाते हुए लोकार्पण समारोह में लेकर गए

निवाई,(निसं)। वार्ड नंबर 20 में स्थित सुभाष कॉलोनी में नवनिर्मित अत्याधुनिक सामुदायिक भवन सहित करीब दो करोड रुपये की लागत से हुए विकास कार्यो का मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा व पार्षद बाबूलाल सैनी ने विधिवत फीता काटकर लोकार्पण किया। इस दौरान वार्ड वासियों ने मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी को ढोल नगाड़े के साथ भव्य जुलूस निकालते हुए डीजे प नाचते गाते हुए लोकार्पण समारोह में लेकर गए। जुलूस में वार्ड वासियों ने जमकर आतिशबाजी की। मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कहा कि सामुदायिक भवन किसी भी क्षेत्र के सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन की धुरी होते हैं। यह भवन क्षेत्रवासियों के लिए एक स्थायी संपत्ति है, जहां सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं जनहित के कार्यक्रमों का सुचारू आयोजन हो सकेगा।

सुभाष कॉलोनी में सामुदायिक भवन का लोकार्पण करते हुए पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी।

उन्होंने कहा कि निवाई क्षेत्र में विकास कार्यों की गति निरंतर तेज हुई है और आने वाले समय में और भी महत्वपूर्ण परियोजनाएं संचालित होगी। क्षेत्र में लगभग 1200 करोड रुपए की लागत से विकास कार्य किए जा रहे हैं। जिससे आमजन को सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका शहर को सुव्यवस्थित, सुविधाजनक एवं विकसित बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि यह भवन क्षेत्रवासियों के सामाजिक आयोजनों के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। नगर पालिका का लक्ष्य केवल निर्माण नहीं, बल्कि नागरिकों को स्थायी व गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में लगभग 700 कार्य वर्तमान समय में प्रगति पर हैं। नए 5 वार्डों में लगभग 15 करोड़ रुपए के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें विभिन्न कार्य शामिल किए गए हैं। आने वाले समय में कई विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी मनोहरलाल जाट ने विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि नगर में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के महामंत्री जयनारायण कुमावत ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमाकांत शर्मा, पार्षद परसराम कुमावत, ओपी गुप्ता, राजकुमार करनानी, सुरेश राजवंशी, जगदीश बैरवा, मोला सेन, जयनारायण कुमावत, मदनलाल वर्मा, लालचन्द सैनी, नटवाडा मंडल अध्यक्ष बद्री विजय, एडवोकेट डॉ. तेजभंवरसिह राठौड, पूर्व पार्षद मोहम्मदीन, कैलाश नटवाडा, बाबूलाल सैनी, शंकरलाल सैनी, मंगलराम मीणा, रमेश सैनी, संजय वर्मा, सियाराम शर्मा, मुकेश खटाणा, सहायक अभियंता पप्पूलाल मीणा, निशांक जैन व राहुल सेन सहित कई अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

कृषि महाविद्यालय में प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

निवाई(निसं)। कृषि महाविद्यालय में अधिष्ठाता डॉ. आरएस मीणा के सानिध्य में सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अधिष्ठाता डॉ. आरएस मीणा ने बताया कि महाविद्यालय में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका थीम पर आयोजित सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर में छात्र-छात्राओं को नियमानुसार एवं अनुशासन में रहने के लिए जागरूक किया। शिविर प्रभारी राजेश ने शिविर की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता एवं आग सुरक्षा नियमों सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

वर्षा जल संरक्षण हेतु 1 लाख 5 हजार का खेत तलाई के लिए अनुदान

- वर्षा जल के संरक्षण हेतु कृषि विभाग से खेत तलाई योजना के लिए प्राप्त अनुदान से खेती को बहुआयामी और अधिक लाभकारी स्वरूप दिया है

पावटा(निसं)। पंचायत समिति पावटा के गिरदावर सर्किल टसकोला में उपखंड अधिकारी पावटा डॉ.साधना शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर में किसान प्रभु दयाल पुत्र देडाराम रैगर ग्राम-भोनावास ने नवाचार, वर्षा जल संरक्षण और सरकारी योजनाओं के समुचित उपयोग से आत्मनिर्भरता की प्रेरक मिसाल प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर गिरदावर सर्किल टसकोला में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर में गुरुवार को शिविर में पहुंचे प्रभुदयाल ने बताया कि राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के सहयोग से उन्होंने वर्षा जल के संरक्षण हेतु कृषि विभाग से खेत तलाई योजना के लिए प्राप्त अनुदान से खेती को बहुआयामी और अधिक लाभकारी स्वरूप दिया है। प्रभु दयाल पुत्र देडाराम रैगर निवासी ग्राम-भोनावास, पं. स. पावटा ने बताया कि मैं खेती का कार्य करता हूं, मेरी आमदनी का एकमात्र स्त्रोत कृषि है, मेरे गांव भौनावास में पानी की विकट समस्या है मैंने कृषि विभाग के कार्मिक कृषि पर्यवेक्षक से संपर्क किया उन्होंने मुझे वर्षा जल संरक्षण हेतु खेत तलाई पर अनुदान के बारे में बताया। उनके बताये अनुसार मैंने वर्षा जल के संरक्षण हेतु कृषि विभाग से अनुदान हेतु खेत तलाई योजना में आवेदन किया था। कृषि विभाग के दिशा निर्देशानुसार मैंने खेत तलाई का निर्माण करवाया जिस पर मुझे 1 लाख 5 हजार रूपये का अनुदान प्राप्त हुआ, अब मैं खेत तलाई में वर्षा जल को इकट्ठा करके 1 हेक्टेयर क्षेत्र में खेती कर रहा हूं। खेत तलाई निर्माण से पहले मैं सिर्फ खरीफ सीजन में केवल बाजरा फसल लेता था लेकिन अब मैं रबी सीजन की फसल गेहूं, सरसों, जौ एवं सब्जियों की खेती भी करता हूं। जिससे मेरी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है, मैं इसका श्रेय कृषि विभाग को देता हूं।

जोधपुर रेल मंडल प्रबंधक से ट्रेनों के ठहराव की मांग

सांभरझील, (निसं)। सांभर रेलवे स्टेशन पर जरूरी ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर सांभर के हिमांशु व्यास ने जोधपुर रेल मंडल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी को ज्ञापन सोपा। बताया कि सांभर से रोजाना हजारों दैनिक रेल यात्री फुलेरा जाकर ट्रेन पकडते हैं और फिर जयपुर अपने गंतव्य स्थल की ओर जाते हैं। इससे उन पर आर्थिक बोझ भी पडता है और समय की बर्बादी भी होती है। सांभर झील स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव नहीं होने की समस्या विगत कई सालों से चली आ रही है। दैनिक रेल यात्री संघ के पदाधिकारीयों की ओर से भी लगातार मांग की जा रही है लेकिन रेलवे प्रशासन ने अभी तक उनकी मांग को पूरा नहीं किया है।

पावटा में स्त्री रोग विशेषज्ञ व नेत्र रोग विशेषज्ञ ने संभाला कार्यभार

पावटा(निसं)। उपजिला अस्पताल पावटा में नव नियुक्त स्त्री रोग विशेषज्ञ ब्रजेश शर्मा व नेत्र रोग विशेषज्ञ दयाराम जाट ने विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण कर लिया। रोग विशेषज्ञ ब्रजेश शर्मा ने कार्यभार ग्रहण करते ही उन्होंने प्रसूति एवं महिला स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और चिकित्सकीय स्टाफ से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर अस्पताल प्रशासन ने उनका स्वागत किया और उम्मीद जताई कि उनके कार्यभार संभालने से क्षेत्र की महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति से प्रसव सेवाओं, महिला रोगों की जांच व उपचार, परामर्श और आपातकालीन सेवाओं में सुधार होने की संभावना है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, लंबे समय से स्त्री रोग विशेषज्ञ के अभाव में मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

इलियास मेमोरियल टेनिस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

टोंक(निसं)। खलील क्लब टोक पर 3 फरवरी से चल रही इलियास मेमोरियल लॉन टेनिस प्रतियोगिता के संयोजक मुमताज राही ने बताया कि प्रतियोगिता में सीनियर खिलाड़ियों के साथ-साथ जूनियर बालक और बालिकाओं ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सबको मोहित किया। सीनियर वर्ग पुरुष डबल्स में के एल गुर्जर और एहतेशामुद्दीन खान ने इशरत अली और कामरान अली को 7-4 से दूसरे मुकाबले में सादी कमर और सरवत अली ने ओवैस नकवी और बिलाल अहमद को 7-5 से हराया। अंडर 12 बालक वर्ग के फाइनल में अयान चौधरी ने भव्य चौधरी को 8-1 से हराया एवं अंडर 14 बालिका वर्ग में अनुषा शर्मा ने तहुरा को 8-0 से हराया, अंडर 14 बालक वर्ग के सेमीफाइनल में मोहम्मद उस्मान ने हम्माद को 6-8 से हराया व अंडर 16 वर्ग में मोहम्मद उस्मान ने अजीम को सेकंड राउंड में 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में जाएंगे बनाई। इस अवसर पर शिक्षाविद सुनील बंसल और देवेन्द्र गुर्जर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम का पारितोषिक वितरण समारोह दिनांक 6 फरवरी को होगा, जिसमे मोइनुद्दीन निजाम मुख्य अतिथि होंगे।

सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन

अलवर (निसं)। राजपूत सेवा समिति अलवर द्वारा तृतीय राजपूत समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन श्री बाबा नत्थू राम मंदिर अलावलपुर रसगन, नौगावा जिला अलवर में आयोजित किया गया। इस विवाह सम्मेलन में 26 जोड़े विवाह में उपस्थित रहे। समिति पदाधिकारियों में सरपंच दरबार सिंह, अध्यक्ष अमर जीत सिंह, कोषाध्यक्ष मोहन सिंह, सचिव सीताराम एवं जय सिंह द्वारा निर्मल प्रकाश सुरा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय ओड महा सभा संस्थान राजस्थान एवं सुमन पवार प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा राष्ट्रीय ओड महा सभा संस्थान राजस्थान कासाफा बांधकर, शाल ओढाकर स्वागत सम्मान किया।

निर्मल सुरा ने बताया कि राष्ट्रीय ओड महा सभा संस्थान राजस्थान की ओर से छब्बीस पानी के मिल्टन बोतल महिला मोर्चा सुमन द्वारा एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सुरा द्वारा राष्ट्रीय ओड महा सभा संस्थान राजस्थान संगठन द्वारा भेट की गई।

जिला कलैक्टर ने किया शिक्षण संस्थानों का निरीक्षण, प्रेक्टिकल नॉलेज पर दिया जोर

टोंक(निसं)। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने गुरुवार को जिला मुख्यालय के डाईट रोड स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान पन्नाधाय आवासीय विद्यालय, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने संस्थानों में छात्राओं को कराए जा रहे शार्ट एवं मिड टर्म कार्सेज की जानकारी ली साथ ही विद्यार्थियों की सैद्धान्तिक एवं प्रेक्टिकल नॉलेज को भी परखा।

बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान में 30 दिवसीय महिला ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल छात्राओं से संवाद कर उन्हें दिये जा रहें प्रशिक्षण की गुणवत्ता को जांचा। उन्होंने मौके पर ही छात्राओं से ब्यूटी पार्लर से सम्बन्धित सिखाये जा रहे कौशल को देखा एवं छात्राओं से थ्रेडिंग कौशल को करवाया। उन्होंने प्रशिक्षणकर्ताओं को व्यवहारिक ज्ञान पर ओर ध्यान देने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर ने एसीईओ ललित कुमार एवं संस्थान के निदेशक शैलेन्द्र सिंह को जिला उद्योग केन्द्र और राजीविका के माध्यम से कोर्स करने के बाद स्वरोजगार के लिए लोन की सुविधा एवं अन्य सैद्धान्तिक नॉलेज को देने के लिए एक-एक दिन का सेशन कराने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने पन्नाधाय आवासीय विद्यालय में निरीक्षण के दौरान बालिकाओं से विद्यालय में पढ़ाई की स्थिति, भोजन एवं भविष्य को लेकर उनकी योजनाओं पर संवाद किया।

सरकारी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में बनेंगे बालिका शौचालय

अलवर (निसं)। जिला प्रशासन के अभिनव पहल पर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने एवं सरकारी विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों के शौचालय विहिन सरकारी विद्यालयों एवं आंगनबाडी केंद्रों में 102 बालिका शौचालयों का निर्माण कार्य की स्वीकृतियां जारी कर तीन माह में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गए हैं। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रवीन्द्र ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशन पर जिले के कठूमर, गोविंदगढ़, रामगढ़, थानागाजी, मालाखेडा, रैणी, राजगढ़, उमरैण एवं लक्ष्मणगढ़ ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी विद्यालयों एवं आंगनबाडी केंद्रों का ब्लॉकवार सर्वे कराया गया, जिसके आधार पर 37 राजकीय विद्यालयों एवं 65 आंगनबाडी केंद्रों में बालिका शौचालयों का निर्माण आगामी तीन माह में कराया जाएगा, जिससे आगामी सत्र में छात्राओं को स्वच्छ, सुरक्षित और गरिमामय वातावरण मिल सकेगा।

कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत : सतीश पूनियां

- भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां का किया भव्य स्वागत

कोटपूतली, (निसं)। राजमार्ग स्थित दीवान होटल में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां का कोटपूतली आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल के नेतृत्व में माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर पूनियां ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि संगठन की असली ताकत कार्यकर्ता ही होते हैं। कार्यकर्ताओं की बदौलत ही भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनी है तथा प्रदेश व केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने में कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि एक कार्यकर्ता ही है जो कभी पूर्व नहीं होता। इस दौरान जिला

कोटपूतली आगमन पर डॉ. सतीश पूनियां का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत किया ।

महामंत्री एड. सुरेंद्र चौधरी, पूर्व जिला संगठन प्रभारी सतवीर यादव, व्यापार महासंघ अध्यक्ष मैथलीशरण बंसल, जिला उपाध्यक्ष जयराम सिंह गुर्जर, जिला कार्यालय प्रभारी एड. अशोक सुरेलिया, भाजपा नेता करण पटेल, जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष बजरंग लाल शर्मा, एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री एड. सुबेसिंह मोरोड़िया, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शेखावत, राजवीर यादव, एड. रमेश रावत, सीताराम शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुभाष घोघड़, मनोज शर्मा, राजाराम कसाणा, रजनीश बंसल, राजेश सराधना, राहुल सोनी, दाताराम, हंसराज रावत, देवेंद्र आर्य, नागेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहें।

नवजात बच्ची को कोठारी नदी में फेंका

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के मांडल थाना क्षेत्र में एक मां ने अपनी नवजात बच्ची को कोठारी नदी में फेंक दिया।

आरजिया गांव के ग्रामीणों ने जब मासूम के शव को देखा, तो हर कोई सन्न रह गया। सूचना मिलते ही मांडल पुलिस मौके पर पहुंची। के.सी. धाबाई ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि बच्ची को जन्म के बाद जिंदा हालत में नदी में फेंका गया था। चार दिन पहले ही भीलवाड़ा के पालना गृह में भी एक नवजात को छोड़ दिया गया था।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर

आवश्यक सूचना

आवास संख्या 3/528, एस.डब्ल्यू.बी. योजना अलवर जो कि मूलतः श्री बृजेश कुमार मित्तल पुत्र श्री प्रकाश चन्द मित्तल को जर्ये आवंटन पत्रांक 5795 दिनांक 14.10.1987 के द्वारा आवंटित किया गया था। इनके बेचान उपरान्त मण्डल द्वारा आवास का नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 2162 दिनांक 28.06.2005 को श्री वीर सिंह सोनी पुत्र श्री मुरारीलाल सौनी के पक्ष में जारी कर दिया गया था। श्री वीर सिंह सोनी द्वारा आवास की रजिस्ट्री स्वयं के नाम से दिनांक 28.06.2011 को उपपंजीयक कार्यालय अलवर में पंजीकृत करवाई जा चुकी है। श्री वीर सिंह सौनी की मृत्यु दिनांक 26.11.2016 को हो जाने के उपरान्त उनके उत्तराधिकारी पुत्र श्री रविंद्र सोनी द्वारा प्रस्तुत पंजीकृत रिलीजडीड (हकत्याग पत्र) दिनांक 05.01.2026 व मण्डल नियमानुसार प्रस्तुत शपथपत्रों एवं अन्य प्रपत्रों के आधार पर उक्त आवास का मृत्यु उपरान्त नाम प्रतिस्थापन हस्तांतरण किये जाने हेतु शुल्क जमा करा कर आवेदन किया गया है। अतः जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि उक्त आवास संख्या 3/528, एस.डब्ल्यू.बी. योजना अलवर के सम्बन्ध में पिता, पुत्र, पुत्री, भाई, अन्य किसी रिश्तेदार व्यक्ति विशेष या हितकारी को एवं आम व्यक्ति विशेष को उजर एतराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस में, राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर में अपना एतराज लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा श्री रविन्द्र सोनी पुत्र स्व. श्री वीर सिंह सोनी के पक्ष में आवास का मृत्यु उपरान्त नाम प्रतिस्थापन हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर - 0141-4901853

क्रमांक : 288 **आम जाहिर सूचना** दिनांक : 27.01.2026

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा **आवास संख्या- 3/MB/410 इन्दिरा गांधी नगर जगतपुरा, जयपुर** क्षेत्रफल **128.00 वर्ग मीटर** का आवंटन **श्री शकी उल इस्लाम पुत्र श्री शमशुल इस्लाम** करे को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1823 दिनांक 08/02/2005 जारी किया गया था। उनके द्वारा आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर चतुर्थ में दिनांक 24/07/2008 को करवाया गया। तत्पश्चात **श्री शकी उल इस्लाम पुत्र श्री शमशुल इस्लाम** के द्वारा उक्त आवास का मुख्त्यारनामाआम **श्रीमती अनिता चौधरी पुत्री श्री लहरी सिंह** को कर मुख्त्यारनामा आम का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर प्रथम मे दिनांक 11/11/2005 का करवाया गया। तत्पश्चात मुख्त्यारनामा आम धारिका **श्रीमती अनिता चौधरी पुत्री श्री लहरी सिंह** के द्वारा उक्त आवास का बेचान **कुमारी हर्षिता पुत्री श्री जसवंत सिंह** को विक्रय कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर चतुर्थ में दिनांक 24/07/2008 को करवाया गया। तत्पश्चात **कुमारी हर्षिता पुत्री श्री जसवंत सिंह** के द्वारा आवास का बेचान **श्री सर्वदमन सिंह पुत्र श्री जतन सिंह जतन सिंह** को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 03/02/2011 को करवाया गया। तत्पश्चात **श्री सर्वदमन सिंह पुत्र श्री जतन सिंह** के द्वारा के द्वारा उक्त आवास का बेचान **श्री गिर्राज प्रसाद मीणा पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण मीणा** को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर पंजीयक, जयपुर अष्टम में दिनांक 26/09/2012 को करवाया गया। **श्री गिर्राज प्रसाद मीणा पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण मीणा** के द्वारा उक्त आवास का मूल आवंटी के नाम पंजीयन हो जाने के बाद पश्चातवर्ती अंतिम क्रेता का नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने बाबत निवेदन किया गया है। अतः नाम दर्ज के संबध मे किसी भी व्यक्ति / बैंक / संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता **श्री गिर्राज प्रसाद मीणा पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण मीणा** का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा। सम्पदा प्रबंधक, राजस्थान आवासन मण्डल, वृत तृतीय जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 41/2026
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि प्रार्थी अजरूदीन पुत्र इदरीश खान निवासी गाँव नादनहेडी पोस्ट शाहपुर, अलवर ने सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत राज संस्थान शाहजी का बास, मिल्ट्री हॉस्पिटल के पास लाल डिग्गी रोड अलवर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारां प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 30/1/26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइदा तारीख पेशी 07/4/2026

सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर

नाम परिवर्तन

मैं मीरा पत्नी श्री मनोज अग्रवाल निवासी फ्लैट नं.सी–101 प्रथम फ्लोर जी एच पी इन्द्रलोक अपार्टमेंट शिव मार्ग, बनीपार्क (जयपुर) यह कि मेंने मेरा नाम मीरा अग्रवाल से बदलकर मीरा रख लिया है अतः भविष्य में मुझे मीरा नाम से जाना जाये।

I have changed my name from Shobha Agrawal to Shobha Agarwal for all future purposes. Add. 81/51, Patel Marg, Mansarovar, Jaipur- 302020

I have changed my name from Ashish Agrawal to Ashish Agarwal for all future purposes. Add. 81/51, Patel Marg, Mansarovar, Jaipur- 302020

मैं राम सिंह शेखावत पुत्र श्री गंगा सिंह, निवासी जयपुर (राजस्थान), यह घोषित करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम राम सिंह तथा अन्य दस्तावेजों में राम सिंह शेखावत दर्ज है। भविष्य में मुझे राम सिंह शेखावत नाम से जाना जाएगा। 9887993311

मैं, अनोज मलिक, पुत्र शिवचरण मलिक, निवासी जयपुर, यह स्पष्ट करता हूँ कि मेरे पुत्र का नाम वैदिक/वैदिक मलिक तथा मेरी पुत्री का नाम वैदांगी/वैदांगी मलिक है। यह दोनो नाम मेरे पुत्र व पुत्री के है इन्हे दोनो नामों से जाना व पहचाना जावे। अनोज मलिक 9414317163

I Lakshya Agarwal S/o Nishant Agarwal Residing at F-151, Chaitnya Marg, C-Scheme, Jaipur, Rajasthan- 302001. Do hereby Solemnly affirm that i have changed may name from Lakshya Goyal to Lakshya Agrawal. In Future i will be known by my changed mane

I Priyanka Agarwal W/o Nishant Agarwal Residing at F-151, Chaitnya Marg, C-Scheme, Jaipur, Rajasthan- 302001. Do hereby Solemnly affirm that i have changed may name from Priyanka Goyal to Priyanka Agrawal. In Future i will be known by my changed mane

आम-सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या नन्ही बेगम पत्नी श्री अब्दुल शकूर निवासी मकान नम्बर-4147, बैरवा बस्ती, बाबू का टीबा, गंगाबक्श, जोशी का रास्ता, जयपुर ने अपनी पुत्री हिना पुत्री अब्दुल शकूर को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरी पुत्री द्वारा विवाहित पुरूष के साथ रह रही है और गलत संगत में है और मुझे मानसिक रूप से प्रताडित करती है एवं हैरान परेशान करती है एवं मेरे कहने में नहीं है। यदि कोई भी व्यक्ति, संस्था इत्यादि मेरी पुत्री हिना से किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार, लेन-देन करेगा तो उसकी समस्त जिम्मेदारी उसकी स्वंय की होगी। मेरे अभिभाष्यगण की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सूचित रहे। (पी.एम. खान)
जयपुर एडवोकेट

राजस्थान आवासन मण्डल– वृत तृतीय
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर
क्रमांक 386 फोन- 0141-4901853 दिनांक 03/02/2026
–: आम जाहिर सूचना :–

राजस्थान आव